# बेघर हुए परिवारों का पुनर्वास और माता-पिता खोने वाले बच्चों के लिए लाई जा रही योजना : मुख्यमंत्री

**जानकारी**

**-मुख्यमंत्री धामी दिल्ली से आते ही पहुंचे आपदा कंट्रोल रूम, अतिवृष्टि नुकसान की ली जानकारी**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री दिल्ली से वापस आते ही सचिवालय स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में हो रही अतिवृष्टि और नुकसान की अधिकारियों से जानकारी ली। साथ ही बेघर हुए परिवारों को पुनर्वास और माता-पिता को खोने वाले बच्चों के लिए लाई जल्दी ही शिक्षा योजना लाने के निर्देश दिए.इस मौके पर मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी टिहरी और पौड़ी से फोन पर वार्ता कर इन जनपदों में हुए नुकसान की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को मौसम विभाग के पूर्वानुमान को देखते हुए अलर्ट मोड पर रहने के साथ ही सभी सहयोगी संस्थाओं से निरन्तर समन्वय बनाये रखने के निर्देश दिए। जनपदों में खाद्यान्न से संबंधित सभी वस्तुओं के साथ ही दवाओं की भी पर्याप्त उपलब्धता रखी जाए।
मुख्यमंत्री धामी ने शासन के उच्चाधिकारियों और सचिव आपदा प्रबंधन को भी जिलाधिकारियों से निरन्तर समन्वय बनाए रखने के कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिवृष्टि से प्रदेश में बहुत लोग प्रभावित हुए हैं। कुछ लोगों ने अपने परिवार के लोगों को खोया है। काफी लोग बेघर हुए हैं। ऐसे लोगों के लिए जल्द ही एक योजना लाई जा रही है। बेघर हुए लोगों को पुनर्वास की व्यवस्था, उनके रोजगार के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था की जायेगी। जिन बच्चों ने इस आपदा में अपने माता-पिता को खो दिया है, उन बच्चों की शिक्षा के लिए इस योजना के तहत प्रबंध किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिवृष्टि के कारण प्रदेश में आपदा की स्थिति है। सड़कों, पुलों, मकानों, फसलों, बिजली एवं पानी की लाइनों का भी काफी नुकसान हुआ है। राज्य में अतिवृष्टि से एक हजार करोड़ से भी अधिक की परिसम्पति का प्रदेश को नुकसान हुआ है। केन्द्र सरकार की टीम ने राज्य में हो रहे नुकसान का प्रारंभिक रूप में सर्वे भी किया है। आपदा से हो रहे नुकसान का आकलन केन्द्र को भेजा रहा है।
इस मौके पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव शैलेश बगोली, सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत सिन्हा, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकार रिद्धिम अग्रवाल, अपर सचिव सविन बंसल एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को अल्बेंडाजोल की दवा खिलाई

**कृमि मुक्ति दिवस**

**1 से 19 वर्ष आयु तक के बच्चों को कृमि मुक्ति हेतु अल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 22 अगस्त 2023 के अवसर पर 1 से 19 वर्ष आयु तक के बच्चों को कृमि मुक्ति हेतु अल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई।
जनपद देहरादून के शहरी हेल्थ पोस्ट रीठामंडी में स्थानीय बच्चों को अल्बेंडाजोल की दवा खिलाकर कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सिटी अर्बन हेल्थ ऑफिसर राकेश बिष्ट, हेल्थ पोस्ट प्रभारी देवेश्वरी रावत, आरबीएसके प्रबंधक गीता शर्मा, जिला समन्वयक आशा कार्यक्रम दिनेश चंद्र पांडे, आईईसी समन्वयक पूजन नेगी आदि उपस्थित थे।



## जनधन योजना के तहत जिले में खुले करीब 10 लाख बैंक खाते

**हरिद्वार**
प्रधानमंत्री जन धन योजना के अन्तर्गत हरिद्वार जनपद में योजना के प्रारम्भ से लेकर जून 2023 तक 9,90,552 बैंक खाते खोले गये जब कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अन्तर्गत जून,2023 तक 6,30,260 लोगों का बीमा कराया गया है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अन्तर्गत जून,2023 तक 2,01,500 व्यक्तियों का बीमा कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय बैंकिंग समीक्षा बैठक में यह जानकारी लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर संजय संत ने दी।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने लगाया विधिक जागरूकता शिविर

**जागरूकता शिविर**

**विद्यार्थियों को साइबर क्राइम, इंटरनेट, सोशल मीडिया आदि से होने वाले फ्रॉड की जानकारी दी गयी।**




**चम्पावत/टीम एक्शन इंडिया**
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंपावत तत्वावधान में प्लान ऑफ एक्शन माह के तहत सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवानी पसबोला की अध्यक्षता में राजकीय इंटर कॉलेज पाटी में विधिक साक्षरता और जागरूकता शिविर लगाया गया।
इस शिविर में पुलिस क्षेत्राधिकारी विवेक कुटियाल द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को साइबर क्राइम, इंटरनेट, सोशल मीडिया आदि से होने वाले फ्रॉड के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही उन फ्राड्स से सुरक्षा एवं बचाव के उपाय बताए।
इसके साथ ही शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में नालसा की संचालित विभिन्न स्कीमों के विषय और आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत (9 सितंबर 2023) के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।
इसके अलावा राजकीय इंटर कॉलेज पाटी में कराई गई पर्यावरण संरक्षण पर कला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले बच्चों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। सरल कानूनी ज्ञानमाला पुस्तकों और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तैयार किए गए पंपलेट का वितरण कर आम जनमानस एवं बच्चों को जागरूक किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवानी पसबोला ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया।
शिविर में राजकीय इंटर कॉलेज पाटी के स्टाफ सदस्य छात्र छात्राएं, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंपावत से नवीन सिंह बिष्ट, रमेश चंद्र, पीएलबी केशव सिंह फर्त्याल, गीता लोभियाल, नवीन तिवारी आदि ने प्रतिभाग किया।

## संक्षिप्त खबरें

### किसानों का मुख्यमंत्री की फोटो लगाकर पुतले पर गुस्सा उतारना पड़ा महंगा, पुलिस कर्मी लाइन हाजिर

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
डोईवाला में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विरुद्ध किसानों के किए जा रहे प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री की फोटो लगाकर पुतले पर ग्रामीणों ने गुस्सा उतारा। इसका संज्ञान लेते हुए पुलिस के आला अधिकारियों ने देर रात्रि में डोईवाला कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुकेश त्यागी और लाल तप्पड़ चौकी प्रभारी नवीन डंगवाल को लाइन हाजिर कर दिया।
डोईवाला में किसानों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के खिलाफ पिछले कई दिनों से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी दौरान किसानों और महिलाओं ने मुख्यमंत्री का विरोध करते हुए उनकी फोटो लगाकर पुतले पर चप्पलें भी मारते हुए उसे दहन किया। इस मामले में पुलिस कर्मियों की लापरवाही सामने आई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

### उत्तराखंड : हवाई टिकटों की खरीद घोटाले में एनआईटी के पूर्व निदेशक पर मुकदमा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
हवाई टिकटों की खरीद में हुई हेराफेरी के आरोप में पुलिस ने एनआईटी के पूर्व निदेशक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।महाराष्ट्र के नागपुर के रहने वाले प्रो. एचटी थोराट एनआईटी में नवंबर 2011 में निदेशक बने थे और अक्टूबर 2016 में सेवानिवृत्त हुए। उनके कार्यकाल में वर्ष 2013-14 में एक एजेंसी के माध्यम से हवाई टिकटों की खरीद की गई थी। इस मामले में अब राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) उत्तराखंड के पूर्व निदेशक प्रो. एचटी थोराट के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।
प्रो. थोराट पर निदेशक पद पर रहते हुए हवाई टिकटों की खरीद में हेराफेरी करने का आरोप है। कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने एनआईटी के कुलसचिव की तहरीर पर पूर्व निदेशक के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
इस मामले में पूर्व में सीबीआई जांच भी हुई थी। मार्च-अप्रैल 2022 में सीबीआई ने पूर्व निदेशक सहित पांच लोगों के खिलाफ हवाई टिकटों की खरीद में हेराफेरी की पुष्टि करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को कार्रवाई की संस्तुति भेजी थी। मई-जून 2022 में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एनआईटी उत्तराखंड प्रशासन को संस्थान से सेवानिवृत्त हो चुके लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने और सेवारत लोगों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद एनआईटी प्रशासन ने कोतवाली में तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। अब केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एनआईटी प्रशासन से मामले में प्रगति रिपोर्ट तलब की। इसके बाद एनआईटी के कुलसचिव डॉ. धर्मेंद्र त्रिपाठी ने कोतवाली श्रीनगर को रिमाइंडर भेजा। इसके बाद पुलिस ने हरकत में आते हुए संस्थान के पूर्व निदेशक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बीसूका के कार्यों में धीमी प्रगति पर पीएमजीएसवाई के अधीक्षण अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्य विकास अधिकारी चमोली डॉ. ललित नारायण मिश्र ने विकासभवन सभागार में जिला योजना, राज्य योजना, केन्द्र पोषित, वाहय सहायतित और 20 सूत्री कार्यक्रमों (बीसूका) की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को अवमुक्त धनराशि का समय से शत प्रतिशत व्यय करने के निर्देश दिए, वहीं बीस सूत्रीय कार्यक्रम में डी श्रेणी में आने वाले विभागों को हिदायत देते हुए कार्य कुशला सुधारने के निर्देश दिए और धीमी प्रगति को लेकर पीएमजीएसवाई के अधीक्षण अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में अर्थ संख्या अधिकारी विनय जोशी ने बताया कि जिला सेक्टर में अवमुक्त धनराशि 2291.44लाख के सापेक्ष 60.24 प्रतिशत अर्थात 1380.25लाख व्यय, राज्य सेक्टर में अवमुक्त धनराशि 9396.26लाख के सापेक्ष 53.80 प्रतिशत अर्थात 5055.20लाख व्यय तथा केन्द्र पोषित में अवमुक्त धनराशि 18095.76लाख के सापेक्ष 89.76 प्रतिशत अर्थात 16243.57लाख व्यय हुआ है। इस दौरान डीडीओ केके पन्त, जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला आदि मौजूद रहे।

# करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाली आरोपित पुलिस गिरफ्त में



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
स्पेशल टास्क फोर्स उत्तराखण्ड अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर अभियान में जुटी रहती है। मंगलवार को एसटीएफ ने देहरादून, चमोली, टिहरी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग और बागेश्वर में कई लोगों के साथ करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाली मुख्य आरोपित को गिरफ्तार किया है।
महिला की गिरफ्तारी के लिए चमोली, उत्तरकाशी, टिहरी और देहरादून में इनाम घोषित था जबकि बागेश्वर, पौड़ी और रुद्रप्रयाग में भी उसकी तलाश थी। आरोपित पर एक दर्जन से ज्यादा धोखाधड़ी के आरोप हैं। पिछले दो वर्षों से सात जिलों की पुलिस के लिए यह महिला सिरदर्द बनी हुई थी। आपरेशन प्रहार के अनुपालन में एसटीएफ ने 15 आरोपों की आरोपित मोनिका कपूर को पंजाबी बाग, दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। आरोपित पर चार जनपदों में 61500 का इनाम घोषित है।रायपुर, डोईवाला, पटेलनगर, देहरादून तथा उत्तरकाशी के थाना कोतवाली, लंबगांव, टिहरी के कोतवाली तथा अन्य स्थानों पर इसके विरुद्ध मुकदमें दर्ज हैं। मोनिका कपूर जन शक्ति मल्टी स्टेट मल्टी पर्पज को आपरेटिव सोसायटी की निदेशिका है, जिसका मुख्यालय नांगलोई दिल्ली है। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर वर्ष 1015 से उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों में लोगों को अपने साथ जोड़ा और बचत खाता, सावधि जमा, चालू खाता खुलवाकर 2021 में करोड़ों की राशि लेकर फरार हो गई।
जनपदवार राशि के बारे में एसटीएफ एसएसपी आयुष अग्रवाल ने बताया कि देहरादून से 13 करोड़, टिहरी से 1.25 करोड़, उत्तरकाशी से 16 करोड़ और चमोली से लगभग 6 करोड़ राशि गबन की गई। इस कंपनी में कपिल देव रावत, पंकज गंभीर, अनिल रावत भी पदाधिकारी थे, जिन्हें पहले ही गिरफ्तार किया गया है।
अब मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर मामले का निपटारा कर दिया है। घटना का पटाक्षेप होने पर दर्जनों निवेशकों ने एसएसपी एसटीएफ का आभार प्रदर्शन किया।

## राजा गार्डन में हाथी के आने से दहशत

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कनखल थाना क्षेत्र के जगजीतपुर इलाके में जंगली हाथियों की चहलकदमी रुकने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार जंगली हाथी आबादी क्षेत्रों का रुख कर रहे हैं। जिससे क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल बना हुआ है। स्थानीय जनता ने वन विभाग से रात्रि में गश्त बढ़ाने की मांग की है।
सोमवार की देर रात जगजीतपुर स्थित कॉलोनी में एक जंगली हाथी घुस आया। हाथी की चहलकदमी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। कैमरे में जगजीतपुर राजा गार्डन स्थित ओलिवियर स्कूल के पास जंगली हाथी को घूमता हुआ देखा गया। हाथी कॉलोनी में घुसता है और फिर गली से होता हुआ बाहर की तरफ निकलता है।

# टिहरी के चंबा में भूस्खलन के मलबे से एक और शव बरामद, अब तक पांच की मौत

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
टिहरी जिले के चंबा टैक्सी पार्किंग में सोमवार को हुए भूस्खलन के मलबे से देररात एक और शव बरामद हुआ है। इससे पहले चार लोगों के शव बरामद हुए थे। अभी भी राहत और खोज अभियान जारी है। यह जानकारी एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम के इंचार्ज राकेश रावत ने दी।
उन्होंने बताया कि रुकुम सिंह के पुत्र सोहन सिंह रावत (34) का शव देररात मलबे से निकाला गया। सोहन ग्राम किरगणी ब्लॉक थोलधार का रहने वाला था। सोमवार दोपहर लगभग एक बजे भूस्खलन के चपेट में आने से स्विफ्ट कार मलबे में दब गई थी। एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम ने अभियान चलाकर पूनम खंडूरी (30) पत्नी सुमन खंडूरी, सुमन खंडूरी के पुत्र बच्चा खंडूरी (4), सुमन खंडूरी की बहन सरस्वती देवी (32) और प्रकाश (32) का शव बरामद किया था।
अधिकारियों का कहना है कि भूस्खलन के पास के दो परिवारों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कर दिया गया है।
छह परिवारों को सुरक्षित स्थान पर भेजने के लिए नगर पालिका परिषद चंबा को नोटिस दिया गया है।



# नीरजा देवभूमि चैरिटेबल ट्रस्ट ने उपलब्ध करवाई व्हीलचेयर

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
नीरजा देवभूमि चैरिटेबल ट्रस्ट ने नरेंद्र नगर स्थित वृद्ध आश्रम में दो व्हीलचेयर एक वॉकर और खाने का सामान भी जरूरतमंदों को वितरित किया।
ट्रस्ट की संस्थापक नीरजा गोयल ने बताया कि पिछले काफी समय से जरूरतमंद लोग उक्त सामान के लिए मांग कर रहे थे। इसे देखते हुए ट्रस्ट ने निर्णय लिया और जरूरतमंद लोगों को व्हीलचेयर और खाने का सामान भी वितरित किया गया।
इन सामानों को प्राप्त कर सभी लोग बहुत खुश थे। इससे कुछ दिन पूर्व भी ट्रस्ट ने वृद्ध आश्रम में 24 जोड़ी वस्त्र उपलब्ध कराए गए थे। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट यथासंभव जरूरतमंदों की सहायता करने का प्रयास करता रहता है । इस दौरान ट्रस्ट की सह संस्थापक नूपुर गोयल, संस्थापक नीरजा गोयल, उषा आदि उपस्थित भी रहे।



# अधिकारी कार्यशाला के माध्यम से माध्यम से बढ़ाएं जागरूकता: कृषि मंत्री

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
केंद्रीय उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में उर्वरक की स्थिति पर हुई बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी जुड़े और उन्होंने उर्वरक की स्थिति पर समीक्षा बैठक में अपनी भागीदारी की। मंगलवार को हुई इस बैठक में कृषि के क्षेत्र में रासायनिक उर्वरकों कम से कम उपयोग हो इस पर विस्तार से चर्चा की गई।
मंत्री जोशी ने कहा कि केंद्रीय मनसुख मांडविया से नैनो यूरिया की मांग 50 हजार बोतल की थी उन्होंने 77 हजार बोतल की आपूर्ति की। पेस्टिसाइड का उपयोग कम से कम हो। केंद्र सरकार का प्रयास है कि यूरिया का प्रयोग कम से कम हो। उन्होंने कहा कि शान नैनो यूरिया का अधिक से अधिक प्रयोग करें। मंत्री ने कहा कि पेस्टिसाइड का उपयोग हरिद्वार, उधमसिंह नगर तराई क्षेत्र में अत्यधिक मात्रा में हो रहा है।
कृषि मंत्री जोशी ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में उर्वरक का अत्यधिक मात्रा में उपयोग किया जा रहा है, वहां पर जाकर कार्यशाला का आयोजन कर किसानों को जागरूक करें। उन्होंने अधिकारियों को इस संदर्भ में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के भी निर्देश दिए।
कृषि मंत्री ने कहा प्रदेश कि माह अगस्त, 2023 तक 88000 मै.टन यूरिया मांग के सापेक्ष 92700 मै.टन की आपूर्ति की गयी। फॉस्फेटिक उर्वरकों की 33000 मै.टन मांग के सापेक्ष 20000 मै.टन की आपूर्ति हुई है। वर्तमान में प्रदेश में 12996 मै.टन यूरिया, 10700 मै.टन फॉस्फेटिक उर्वरक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि खरीफ सीजन में अभी तक 77000 बोतल नैनो- यूरिया की आपूर्ति हो चुकी है। मंत्री ने बताया कि नैनो यूरिया की 37000 बोतल अभी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।



## यमुना नदी में बहे महाराष्ट्र के तीर्थ यात्री शव बरामद

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया। यमुनोत्री** नदी में किसाल से आगे बहे महाराष्ट्र के बुजुर्ग तीर्थयात्री का शव एसडीआरएफ ने बरामद कर लिया है। घटना मंगलवार सुबह की है। बताया गया कि महाराष्ट्र के बुजुर्ग तीर्थयात्री आज यमुना किनारे पूजा करने गए थे। इस दौरान उनका पांव फिसल गया और वह नदी में बह गए। इस सूचना पर उनकी तलाश के लिए एसडीआरएफ ने सर्च अभियान चलाते हुए उक्त व्यक्ति को खरादी के पास यमुना नदी से मृत अवस्था में बरामद किया गया।

G20
**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम एवं लोकेशन | 44/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2023:– मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत चांदपुर सियाऊ रेलवे स्टेशन के उन्नयन के लिए विद्युत कार्य और चरण–2 में लाखन स्टेशन के रीमॉडलिंग के लिए विद्युत कार्य। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रू.) | 5200509.54 (जीएसटी सहित) |
| 3 | कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद |
| 4 | बिड सिक्यूरिटी राशि (रू0) | 104000.00 |
| 5 | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | 6 (छः) माह |
| 6 | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | निविदायें दिनांक 13.09.2023 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। |
| 7 | वेबसाइट एवम कार्यालय का पता | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद। |

निविदा सूचना सं0: 38/2023 दिनांक :– 22.08.2023 2608/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

